हाईकोर्ट बैंच की मांग, अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्यों का बहिष्कार

उदयपुर/भीण्डर, (कासं)। उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर उदयपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए कोर्ट परिसर में इकट्ठे होकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और इस मांग पर ध्यान देने की मांग की।

उदयपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह शक्तावत ने बताया कि उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना को लेकर प्रतिमाह की सात तारीख को हजारों अधिवक्ता न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए आंदोलन करते है। उन्होंने यह भी कहा कि सोमवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। इससे पहले कई बार राज्य सरकार से यहां के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात भी की लेकिन कोई निर्णय नहीं हो पाया। हाईकोर्ट की बैंच तभी संभव है जब राज्य सरकार इसके लिए केन्द्र सरकार पुरजोर तरीके से पैरवी करे।शक्तावत ने यह भी कहा कि अभी तक केन्द्र व राज्य सरकार अपनी.अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला जाड रही है जो कि गलत है। इस मांग के लिए केन्द्र व राज्य दोनों को जिम्मेदारी लेनी होगी और उदयपुर के अधिवक्ताओं की मांग को पूरा करना होगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश नंदवाना ने कहा कि अब तक केन्द्र व राज्य सरकार अलग.अलग पार्टी की सरकारे होने से इसमें अडचन आ रही थी लेकिन अब तो केन्द्र व राज्य दोनों जगह एक ही पार्टी की सरकारह होने के बावजूद हमारी मांगो पर ध्यान नहीं देना, इस बात की ओर इंगित करता है कि कई न कई राजनेताओं और सरकार में बैठे लोगों

■ गजट नोटिफिकेशन की मांग, वकीलों ने टायर जलाकर किया प्रदर्शन

की मंशा साफ नहीं है। अब जरूरत है कि उदयपुर संभाग के सभी सांसदो, विधायको व अन्य जनप्रतिनिधियों को जगाकर उन्हें बताया कि इस मांग के पूरी होने के बाद पूरे संभाग की आदिवासी जनता का कितना लाभ होगा जो कि न्याय के लिए जोधपुर नहीं जा सकते।

आपको बतादें कि उदयपुर में हाईकोर्ट बैंच की मांग का आंदोलन 44 वर्षो से चला आ रहा है और शायद यह आंदोलन प्रदेश का सबसे लम्बा चलने वाला आंदोलन है जिनकी मांगो पर अभी तक सरकार ने ध्यान नहीं दिया। न्यायालय परिसर में दिए गए धरने में उदयपुर बार एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ व युवा अधिवक्ता मौजूद थे।

भीण्डर संवाददाता के अनुसार : भीण्डर में एडीजे कोर्ट का गजट नोटिफिकेशन जारी करने की मांग को लेकर सोमवार को भीण्डर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में वकीलों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। वहीं उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप करके जल्द से जल्द नोटिफिकेशन जारी करने की मांग रखी। ज्ञापन में बताया कि भीण्डर में स्वीकृत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) की घोषणा पूर्व में हो चुकी है, लेकिन अभी तक इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। इस कारण उपरोक्त न्यायालय अभी तक भीण्डर में शुरू नहीं हो सकी है। इस कारण क्षेत्र की जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त नहीं हो पा रहा हैं, इस संबंध में मुख्यमंत्री को पूर्व में भी मांग कर चुके हैं कि भीण्डर में स्वीकृत अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय का गजट नोटिफिकेशन एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करा उपरोक्त न्यायालय का शुभारम्भ कराया जावें, परंतु अभी तक राज्य सरकार द्वारा भीण्डर में स्वीकृत अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। जिससे अधिवक्ता एवं आमजन में काफी रोष व्याप्त है। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष लक्ष्मणगिरी गोस्वामी, महासचिव सुशील जैन, उपाध्यक्ष राजमल मेनारिया, सचिव कमलेश कुमार खटीक, चेतन जैन, कैलाश चौबीसा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

धरना प्रदर्शन कल

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वावधान में ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन बुधवार को जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर बुधवार दोपहर 2.30 बजे कलेक्ट्रट कार्यालय के बाहर जिले के विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एकत्रित होंगे। यहां कर्मचारियों की वाजिब मांगों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद जुलूस के रूप में कलेक्ट्री परिसर में पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री व मुख्य शासन सचिव के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। इस सम्बंध में कृषि भवन में जिला संयोजक विनोद पानेरी की अध्यक्षता, टीएसपी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक नाथूलाल पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में ग्यारह सूत्री मांगपत्र का वाचन किया।

गौशाला में नवीन जल स्त्रोत उद्गम का शुभारंभ

नाथद्वारा, (निसं)। पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्री नाथ जी की हवेली में गौशालाओ में हो रहे नवाचार एवं गौ माता के जल के सुखार्थ जल की कमी को देखते हुए जल पूर्ति एवं गौ माता के सुख के लिए गो.ति.108 राकेश (इंद्रदमन महाराज की आज्ञा एवं विशाल बावा की प्रेरणा एवं निर्देशन में नाथुवास गौशाला में पहली बार प्राचीन बावडियो से जल पूर्ति के अतिरिक्त नए जल स्त्रोत के रूप में प्रथम बार ट्यूबवेल के रूप में नवीन जल स्त्रोत का शुभारंभ किया गया। ग्यारस के शुभ अवसर पर नवीन जल स्त्रोत के रूप में जहां नवीन जल स्त्रोत श्रीजी प्रभु की कृपा से यमुने महारानी के रूप में पचपन 55 फीट पर ही स्वयं प्रकट हुई व जिसे छह सौ 60 फीट की गहराई तक किया गया है जिससे भविष्य में नाथुवास गौशाला में कभी भी गौ माता की जल सेवा के लिए जल की कमी नहीं रहेगी।

ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व श्रीजी प्रभु की नाथुवास गौशाला के जल की पूर्ति नाथुवास गौशाला के सामने स्थित कुंज बिहारी जी मंदिर की बावडी से जलापूर्ति होती रही है, लेकिन गर्मी में जल की कमी एवं अधिक से अधिक जल सेवा गौ माता के सुखार्थ हो सके इस बात को ध्यान में रखते हुए तिलकायत की आज्ञा एवं विशाल बावा के निर्देशन में प्रथम बार इस तरह के नवीन जल स्त्रोत का शुभारंभ किया गया है। वही विशाल बावा की प्रेरणा से कुंज बिहारी की बावडी को सभी गौशाला के सेवकों एवं ग्वाल बालों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ किया गया।

कोमल चपलोत ने ग्रहण किया अध्यक्ष का प्रभार

राजसमंद, (निसं)। भारत विकास परिषद के कुरज शाखा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। मीडिया प्रभारी मुकेश काबरा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश तापडिया, विशिष्ठ अतिथि संत गिरीराज महाराज थे। जबकि अध्यक्षता जिला समन्वयक नवीन असावा ने की। समारोह का प्रारंभ अतिथियों ने माँ भारती की छवि के सम्मुख दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम से हुआ। स्वागत उद्बोधन दिनेश सोनी ने दिया। निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश लाहोटी ने विगत वर्ष में किए गए सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष सतीश तापडिया ने कुरज शाखा की नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष कोमल चपलोत, सचिव राजकुमार जोशी, कोषाध्यक्ष श्याम मंडोवरा एवं महिला संयोजक लीला लाहोटी को निष्काम और निस्वार्थ भाव से संगठन के अनुशासन में रहते हुए राष्ट्रहित में मानव सेवा करने की शपथ दिलाई। तत्पश्चात अतिथियों ने नवगठित कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों का सम्मान किया।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7/12 /PLAN/LANDUSE/2024-25/10038 **आम सूचना** दिनांक : 7/7/2025

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20–07–2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय–समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू–उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू–उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:–

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या/ ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू–उपयोग परिवर्तन
1	श्रीमती निरूपमा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा	अम्बेरी	49	01 एवं 02	64128.00 वर्गमीट	ग्राम अम्बेरी में पुरोहितो का तालाब के समीप 60 फीट सड़क पर स्थित है।	संयुक्तिकरण करते हुए फार्म हाउस भू–उपयोग से मोटल (पर्यटन ईकाई) प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू–उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

सार-समाचार

विश्व हिंदू परिषद की बैठक संपन्न

मंडफिया, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद की जिला बैठक मंडफिया के विद्या निकेतन भवन में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष प्यारचंद सेन की अध्यक्षता में व विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री भरत पालीवाल एवं बजरंग दल के जिला संयोजक शमशेर सिंह बंबोरी के मुख्य अतिथि में आयोजित हुई। बैठक को जिला मंत्री भरत पालीवाल ने संबोधित करते हुए बैठक में संगठनात्मक कार्यों की प्रगति और समीक्षा की गई साथ ही कुछ नवीन दायित्व की घोषणा की गई। जिसमें मातृ शक्ती जिला संयोजिका निर्मला शर्मा, मातृ शक्ती जिला सह संयोजिका हेमलता लड्ढा, जिला संस्कृत आयाम जिला प्रमुख मीना कुंवर, संस्कृत आयाम जिला सह प्रमुख रेखा तिवारी, बड़ीसादड़ी प्रखंड में प्रखण्ड अध्यक्ष संजय धींग, प्रखंड मंत्री चमन सिंह सारंगदेवोत, मंडफिया प्रखण्ड में प्रखंड संपर्क प्रमुख रमेश राव, प्रखंड सह संपर्क प्रमुख राकेश शर्मा को दायित्व प्रदान किए गए। बैठक में नगर निंबाहेड़ा, निंबाहेड़ा ग्रामीण, प्रखंड छोटी सादड़ी, प्रखंड बड़ी सादड़ी, प्रखंड डूंगला और प्रखंड मंडफिया के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विश्व हिंदू परिषद के जिला संपर्क प्रमुख कन्हैयालाल गर्ग मंडफिया ने किया।

चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

कपासन, (निसं)। कपासन के बुद्धा खेडा में व्यापारी विशाल विजयवर्गीय के घर से हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें व्यापारी का नौकर कामिल रजा उर्फ मीत और उसका साथी ओवेस रजा शामिल हैं। चोरी 27 मई की रात 8:30 बजे हुई। विशाल अपने परिवार के साथ सामाजिक कार्यक्रम में गए थे। घर पर ताला लगा था। लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। कमरे की गोदरेज अलमारी के ताले भी टूटे थे। सामान बिखरा हुआ था। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का रिसीवर भी गायब था। चोरों ने दो सोने की चेन (4 तोला), मंगलसूत्र का पैंडल (5 ग्राम), चांदी का कंदोरा (750 ग्राम), चार जोड़ी पायल (700 ग्राम), चांदी के 8-10 सिक्के और तीन जोड़ी बिछिया (30 ग्राम) चुराए। इसके अलावा 4.5 लाख रुपए नकद भी ले गए।थानाधिकारी रतन सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। एएसआई शंकर लाल सालवी की जांच में पता चला कि कामिल रजा एक शातिर चोर है। उस पर उदयपुर में कई चोरी के मामले दर्ज हैं। उसके दोस्त ओवेस रजा ने ही उसे कपासन बुलाया और विशाल की दुकान पर नौकरी दिलवाई। चोरी के बाद कामिल रजा अहमदाबाद, सूरत, गोवा, दिल्ली और जयपुर में घूमता रहा। चोरी के पैसों से मौज-मस्ती करता रहा। पुलिस ने दोनों आरोपियों से सोने की दो चेन, पैंडल, चांदी के पायजेब और चोरी में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है।

चांदी का पेट्रोल पंप मशीन भेंट

मंडफिया, (निसं)। एक भक्त ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग के साथ चांदी का पेट्रोल पंप मशीन भेंट किया है। जानकारी के अनुसार डूंगला निवासी मांगीलाल जारोली, कुशल जारोली व सुशील जारोली की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग के साथ चांदी का पेट्रोल पंप मशीन भेंट की है। भक्त का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांवलिया जी मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव, भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी, बड़ी सादड़ी नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कंठालिया सहित जारोली परिवार एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

हाईकोर्ट ने दिये समर्पण के निर्देश

बांसवाड़ा, (निसं)। 16 किलो 25 ग्राम अफीम के बहुचर्चित प्रकरण में हाईकोर्ट ने दो आरोपियों को पुलिस के समक्ष समर्पण करने के निर्देश दिये हैं। अन्वेषण अधिकारी एवं पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा ने जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला के सुपरविजन में बांसवाड़ा पुलिस व साईक्लोनर टीम जोधपुर ने एनडीपीएस मामले में लंबे समय से फरार दो ईनामी आरोपियों को गत 5 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने पर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। ध्यान रहे कि 10 मई 2023 को तत्कालीन कोतवाली थानाधिकारी रतनसिंह ने मय जाप्ते के रात्रि में एक क्रेटा कार जो कि नाकाबंदी तोड़कर भागी थी का पीछा किया तो आरोपियों ने चलती कार से बैग फेंका और कार को लड्ढा हॉस्पिटल के पास छोड़कर भाग गये थे। बैग की तलाशी में 16 किलो 25 ग्राम अफीम पायी गयी। कार जब्त कर ली गयी और मामला एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। अनुसंधान के दौरान आरोपी भरतदान उर्फ भरत चारण पुत्र सोहनदान निवासी नोखड़ा चारणान, जिला फलोदी को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान में भरतदान ने बताया कि यह अफीम राहुल लोहार एवं पुष्करदास बैरागी ने अपने किसी मिलने वाले व्यक्ति से एकत्रित कर रखी थी।

विशेषज्ञों ने स्क्रीन टाइम से होने वाले रोग व समाधान बताए

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर एवं रोटरी मीरा, उदयपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनजागरूकता सेमिनार में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने डिजिटल युग में स्क्रीन टाइम के बढते प्रभाव पर महत्वपूर्ण चर्चा की और इससे उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला।

गीतांजली हॉस्पिटल के वरिष्ठ सीटीवीएस सर्जन डॉ. संजय गांधी ने बताया कि लंबे समय तक मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में रहना सिर्फ आंखों को ही नहीं, बल्कि मस्तिष्क, हृदय और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, तनाव और नींद से संबंधित समस्याओं का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुबाला चौहान ने बताया कि महिलाओं में अत्यधिक स्क्रीन टाइम से हार्मोनल असंतुलन, अनियमित माहवारी और प्रजनन संबंधी समस्याएं बढ रही हैं। प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या चौधरी ने बताया कि स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से महिलाओं में अवसाद, चिंता, अनिद्रा और तनाव की समस्या तेजी से बढ रही है।

ज्ञापन सौंपा

सलूंबर,(कासं)। सोमवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं ने सलूंबर जिला शिक्षा अधिकारी को हॉस्टल वार्डन के पदों को शीघ्र भरने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

छात्र नेताओं ने बताया की मॉडल स्कूल बरोडा में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में वर्तमान में 100 से अधिक छात्राएं रह कर अपना अध्ययन रही है।लेकिन इस छात्रावास में पिछले 7-8 महीने से कोई वार्डन नहीं है। जिसके कारण छात्राओं को कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। वार्डन नहीं होने के कारण असुरक्षा हमेशा बनी रहती है। बालिका शिक्षा को लेकर सरकार बडे बडे वादे करती हैं लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है।

आइसा के छात्र नेताओं ने कहा कि इससे पूर्व भी सलूंबर प्रशासन को वार्डन के पद पर नियुक्ति को लेकर कई बार ज्ञापन दिएए लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही या पद पर नियुक्ति नहीं की गई। आइसा नेता पुष्पा मीणा ने कहा कि वार्डन की अनुपस्थिति में छात्रावास की व्यवस्थाएं तथा छात्राओं की सुरक्षा एवं अनुशासन पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

पेसिफिक में अंतर्राष्ट्रीय नवजात शिशु चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स), उमरडा, उदयपुर में 5 और 6 जुलाई को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय नवजात शिशु चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भारत और विदेशों के ख्यातिप्राप्त नवजात विशेषज्ञों ने भाग लेकर ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान किया।

पेसिफिक में अंतरराष्ट्रीय नियोनेटल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ।

सम्मेलन की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय अतिथियों में मिस कैथरीन (फ्रांस) और डॉ. समीर गुप्ता (यूनाइटेड किंगडम) शामिल थे। इसके अलावा देशभर से आए सुप्रसिद्ध नियोनेटोलॉजिस्ट्स डॉ. सोमशेखर निंबालकर (करमसद), डॉ. आशीष मेहता (अहमदाबाद), डॉ. उमेश वैद्य (पुणे), डॉ. राहुल वर्मा (मुंबई), डॉ. रवि पारिख (अहमदाबाद), डॉ. सत्येन हेमराजानी (जयपुर), डॉ. नीरज गुप्ता (जोधपुर), डॉ. नवीन गुप्ता (दिल्ली), डॉ. श्रीनिवास मूर्ति (मैसूर), डॉ. महेन्द्र जैन (भोपाल), डॉ. सुशील गुप्ता (उदयपुर), डॉ. धीरेज दिवाकर (उदयपुर), डॉ. बिजयलक्ष्मी बेहरा (चंडीगढ), डॉ. प्रदीप शर्मा (चंडीगढ) सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों एवं वक्ताओं का स्वागत डॉ. सुरेश गोयल (प्राचार्य एवं डीन), डॉ. विवेक पराशर (शिशु रोग विभागाध्यक्ष), डॉ. अंकित कुमार (नवजात विशेषज्ञ), डॉ. राहुल खत्री और प्रोफेसर डॉ. सत्यमूर्ति द्वारा किया गया।यह सभी बाल एवं नवजात रोग विशेषज्ञ भी पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उदयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नियोनेटल कॉन्फ्रेंस में अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ शामिल हुए- डॉ. गुंजना कुमार (जयपुर), डॉ. निर्मल गौतम (बैंगलोर), डॉ. सुशील चौधरी (जोधपुर), डॉ. रमेश चौधरी (जयपुर), डॉ. आकाश शर्मा (जयपुर), डॉ. अतुल मिश्रा (उदयपुर), डॉ. वैभव उपाध्याय, डॉ. अविनाश बोठरा (उदयपुर), डॉ. प्रणय त्रिवेदी(उदयपुर), डॉ. अर्जुन वर्मा (जयपुर), डॉ. सौरभ सिंह (जयपुर), डॉ. पुनीत जैन (उदयपुर), डॉ. मनीषा गर्ग (कोटा), डॉ. अंशिता अरोडा (उदयपुर)और डॉ. राजकुमार बिश्नोई (उदयपुर)। सम्मेलन के पहले दिन पूर्व-सम्मेलन कार्यशालाएं आयोजित की गईं

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/तामीर/2025/8678 दिनांक : 7/7/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ोस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	वल्लभ दर्शन होटल प्रा.लि.जरिये निदेशक श्री देवकिनन्दन गुर्जर पिता श्री रघुनाथजी गुर्जर, निवासी- नाथद्वारा	भूखण्ड क्षेत्रफल - 1537.25 वर्गफिट, सुन्दर विलास से गिरधर सागर जाने वाली सडक के पूर्व दिशा में, नाथद्वारा	पानी की सारण उसके गोंदा वाला अखाड़ा	पानी की सारण आगे आम सड़क	होटल श्री जी दर्शन	गली व बावडी उसके आगे श्री हरगोविन्द जी का मकान

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001 ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स रौनक फिलिंग स्टेशन** प्रोपराईटर **श्रीमती उर्मिला धाभाई पत्नी श्री राधा कृष्ण धाभाई एवं जमानतदार सुश्री अश्विनी धाभाई पुत्री श्री राधा कृष्ण धाभाई** पर **मांग सूचना दिनांक 17.04.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 17.04.2025 को बकाया राशि रू. 42,93,195/- (रूपये बयालीस लाख तिरानवे हजार एक सौ पचानवे मात्र) (दिनांक 16.04.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 05, माह जुलाई, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 17.04.2025 को बकाया राशि रू. 42,93,195/- (रूपये बयालीस लाख तिरानवे हजार एक सौ पचानवे मात्र) (दिनांक 16.04.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि जमानतदार सुश्री अश्विनी धाभाई पुत्री श्री राधा कृष्ण धाभाई के नाम साम्रिक बंधक आवासीय प्लॉट नं. 08 जो राजस्व गाँव मनवाखेड़ा, खसरा नं. 179 मी, 185 मी, 186 से 189, 190, 195, 196, 198, 199, 200 मी, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1650 वर्ग फीट है।

सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. 09, दक्षिण: प्लॉट नं. 07, पूर्व: रोड़ 30 फीट चौड़ी, पश्चिम: प्लॉट नं. 17

स्थान: उदयपुर हस्ता.

दिनांक: 05.07.2025 प्राधिकृत अधिकारी

गडरिये से मुक्त कराए दो बालक, स्कूल में कराया प्रवेश

बांसवाड़ा, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन एवं जिला बाल कल्याण समिति के माध्यम से गडरिया से मुक्त करवा कर बालक अजय थोरी को परिवार में पुनर्वासित करवाया गया। समिति के माध्यम से ग्राम पंचायत मुडासेल घाटोल में चौपाल लगाकर ग्रामीणों के समक्ष परिवार में पुनर्वासित करवाकर शिक्षा से जोडने के लिए संकल्प दिलाया गया था।

इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन ने सतत निगरानी करते हुए बालक के समस्त दस्तावेज पूर्ण कर बालक को स्थानीय विद्यालय में प्रवेशित करवाया। बालक पढ़ना भी चाहता था लेकिन बालक ने मजबूरी बताई की दादी मां की तबीयत खराब होने के कारण से मेरी मां ने गडरियो के साथ में भेड़ चराने के लिए भेज दिया था लेकिन वहां पर प्रताड़ना एवं समस्या होने पर वह भाग कर पुलिस के माध्यम से इंदौर के गृह में रहा एवं वहां से उसे बांसवाड़ा भेजा गया था।

चाइल्ड हेल्पलाइन के कमलेश ने बताया कि विद्यालय में नवीन प्रवेशित बालक बालिकाओं में सबसे बड़ी पहली थी कि गड़रिया से मुक्त करवाए बालक अजय थोरी को कैसे शिक्षा से जोड़े। उसके सतत प्रयास करते हुए कामयाबी मिली एवं बालक को विद्यालय से जोड़ा गया वहीं परिवार में माता-पिता को भविष्य में बालक को गडरियों के साथ में भेजने पर कानूनी कार्यवाही चेतावनी देते हुए पाबंद किया गया। इसी तरह प्रतापगढ़ के सालमगढ के रहने वाला बालक रवि थोरी पुत्र गणेश थोरी को भी परिवार में पुनर्वासित करवाने के पश्चात टीम ने विद्यालय से जोड़ा। विद्यालय में प्रवेशित होने पर दोनों बालक खुश है। उन्होंने बताया कि अब अगर हमें किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो निश्चित तौर पर चाइल्ड लाइन को फोन करेंगे। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक हेमंत खटीक ने बताया कि बालक के परिवार में पुनर्वासित होने के पश्चात चाइल्डलाइन टीम को निर्देशित किया गया था कि नवीन सत्र में दोनों बालकों को शिक्षा की शिक्षा सहित मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जाना सुनिश्चित करें जिस पर टीम ने सतत प्रयास करते हुए दोनों बालकों को शिक्षा से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अजगर ने बकरी को बनाया शिकार

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत पिपलांत्री के आरना गांव के पास एक कॉलोनी में सोमवार को एक लगभग 10 फीट लंबा अजगर घुस आया, जिसने एक बकरी को अपना शिकार बना लिया। इस घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया।

गश्ती दल के रेंजर सत्यानंद गरासिया और राजसमंद रेंजर लादूराम शर्मा को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग राजसमंद की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। वन विभाग राजसमंद की रेस्क्यू टीम में वन्यजीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत, घनश्याम पुरबिया, वनरक्षक गिरधारी लाल, अटल सिंह और रामावतार कटारिया शामिल थे।

जब टीम मौके पर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि अजगर ने पहले ही बकरी का शिकार कर लिया था और बकरी मृत पडी हुई थी।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त

राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त-उदयपुर

(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/245 दिनांक :-30.6.2025

Registered

-: जाहिर आम सूचना (दोहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):-

आवास संख्या 6-क-19 माप 136.00 वर्ग यार्ड योजना हिरण मगरी सेक्टर-11 आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्री दौलत सिंह पंवार पुत्र पूनम चन्द पंवार को आवंटन पत्र क्रमांक 2241 दिनांक 05.08.1974 को आवास का आवंटन कर दिनांक